भारत सरकार

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

हिन्दी प्रश्न पत्र - II

सितम्बर - 2016

समय : 3:00 घंटा  पूर्णांक:100

प्रश्न 1. निम्नलिखित पर टिप्पणियां लिखिए।

क) कार्यालय ज्ञापन
ख) अर्धशासकीय पत्र
ग) अंतर्विभागीय टिप्पणी

अंक:30

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

(क) स्थगन प्रस्ताव (ख) लोक लेखा समिति (ग) आश्वासन (घ) संशोधन (ङ) संकल्प
(च) अनुदेश (छ) सांविधिक (ज) अनुमोदन (झ) निलंबन (ञ) अनियमितता

अंक:10

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय लिखिए।

(a) Charge sheet (b) Proceedings (c) Show cause notice (d) Ex-parte
(e) Provision (f) Interim reply (g) Relieved (h) Creation of Posts
(i) Self contained note (j) Land revenue

अंक:10

प्रश्न 4. निम्नलिखित का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

लोक सभा में बजट पर बहस दो स्तरों पर होती है। पहली बार पूरे बजट पर सामान्य वाद-विवाद होता है। यह चार-पांच दिनों तक चलता है। इस स्तर पर बजट की मुख्य रूप रेखा तथा उसमें निहित सिद्धांत और नीतियों पर बहसें होती हैं। सामान्य वाद-विवाद के बाद अनुदानों की मांगों पर बहस प्रारंभ होती है। इसमें आमतौर पर तीन सप्ताह लगते हैं। प्रत्येक मंत्रालय के लिए अलग-अलग दिन नियत होते हैं जिनपर उस मंत्रालय से संबंध रखने वाली मांगों पर वाद-विवाद होता है।

अंक:20

प्रश्न 5. निम्नलिखित का हिंदी में अनुवाद कीजिए।

In the big cities of India shortage of houses in such a large problem, that it effects a large number of people. On account of this shortage the rents are so high that even the middle income group people cannot easily pay, what to speak of the low income group. Therefore, to suit all income groups Government has launched House Building Project which are very popular.

अंक:10

प्रश्न 6. अंग्रजी शब्दों के स्थान पर हिन्दी शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य को दोबारा लिखिए।

क) आज एकाउंट डैफिनेटली जाना चाहिए।

ख) पर्सनल केसेस का डिस्पोजल तीन दिन में होना चाहिए।

ग) इस स्टेटमेंट में कहीं टोटलिंग मिस्टेक है।

घ) पे-स्केल बदलने के कारण पे-स्लिप नई बनानी पड़ेगी।

ङ) सभी पे-बिलों को पास कर दिया गया है।

च) इंक्रीमेंट के एरियर की अदायगी आज होगी।

छ) असिस्टेंट इंजीनियर आज डी.पी.सी. की मीटिंग में गए हैं।

ज) ऑफिस में हिन्दी के काम की क्वाटर्ली रिपोर्ट तैयार करनी है।

झ) जी.पी.एफ. एकाउंट का टोटल टैली नहीं हो रहा है।

ञ) सही एकाउंट नम्बर न लिखने से एमाउंट संस्पेंस में डालना पड़ता है।

अंक:20